बन जा श्याम खिवैया | by Anant Goenka

बीच भँवर में नाव है अटकी,कर दे पार कन्हैया
बन जा श्याम खेवैया
अब तो हाथ बढ़ा मेरे बाबा,तुम ही चीर बढ़ैया
बन जा श्याम खेवैया

टूटी हुई है नाव हमारी और पतवार नहीं है
हारे के हो साथी बाबा बात ये बिलकुल सही है
फिर क्यों मेरी डग-मग डग-मग डोल रही है नैया
बन जा श्याम खेवैया

आना है तो आजा साँवरा मत ना करियो देरी
डूबेगी गर नाव हमारी होगी बदनामी तेरी
टूटे ना विश्वास हमारा सुनले मुरली बजैया
बन जा श्याम खेवैया

कर दोगे गर मुझपे नजरे काम हमारा होगा
दे दोगे गर मुझको सहारा नाम तुम्हारा होगा
“ओम” कभी भूले ना तुमको सुनले मेरे कन्हैया
बन जा श्याम खेवैया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%a8-%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%96%e0%a4%bf%e0%a4%b5%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-by-anant-goenka/